# जेल जाने के डर से नेता छोड़ रहे पार्टी: माहरा

## -कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने डर दिखाकर लोगों को पार्टी में शामिल करने का लगाया आरोप

**आरोप**

**8 उत्तराखंड में इन दिनों कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं का सिलसिला बढ़ गया है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में इन दिनों कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं का सिलसिला बढ़ गया है। ऐसे में कांग्रेस अब भाजपा पर सवाल उठा रही है और डर दिखाकर लोगों को पार्टी में शामिल करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने भाजपा से पूछा कि क्या इन लोगों पर मुकदमा चलेगा या नहीं।अभी हाल ही में कांग्रेस के विधायक राजेंद्र भंडारी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने भंडारी पर आरोप लगाया कि जांच बैठी तो वे भाजपा में चले गए।

प्रदेश कार्यालय में सोमवार को प्रेसवार्ता में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि मुकदमों और जेल जाने के डर से ही कांग्रेस नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। माहरा का कहना है कि भाजपा ने एक ऐसी वाशिंग मशीन बनाई है जिसमें डालने के बाद जिनको भाजपा दागी नेता कहती है वही बाद में क्लीन होकर निकलते हैं यानी भाजपा में शामिल होते ही वही नेता पाक साफ हो जाते हैं। ये भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा है, जो सबके सामने जाहिर हुआ है।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के बयान पर पलटवार

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के बयान, कांग्रेस के और भी नेता भाजपा के संपर्क में हैं, पर करन माहरा ने पूछा कि ऐसे कौन से नेता हैं, भाजपा उन्हें भी बताए। अगर कोई है भी तो वह भी डरा होगा या उसकी फाइल भी भाजपा के पास होगी।
जेल जाने का डर होगा, तभी वह ऐसा कदम उठाएगा।

### वाशिंग में डाली कांग्रेस छोड़ भाजपा से हाथ मिलाने वालों की तस्वीर

कांग्रेस छोड़ भाजपा से हाथ मिलाने वालों की तस्वीर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने वाशिंग मशीन में डाल दिया। वाशिंग का नाम रखा था- पापियों की पसंद भाजपा, वाशिंग मशीन भाजपा।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, एक युवक की मौत

**विवाद**

**8 पनियाला गांव में कुछ दिन पहले क्रिकेट खेलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रूड़की स्थित पनियाला गांव में दो पक्षों में मामूली बात को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। इस दौरान कुछ लोग घायल हो गए, जबकि एक युवक की मौत हो गई। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।जानकारी के अनुसार पनियाला गांव में कुछ दिन पहले क्रिकेट खेलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था, लेकिन गांव के जिम्मेदार लोगों ने दोनों ही पक्षों का आपसी सहमति से विवाद सुलझा दिया था। इसके बाद रविवार देर शाम फिर से दोनों पक्षों में विवाद हो गया और उसने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से जमकर धारदार हथियार भी प्रयोग किए गए, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि कुछ लोग गंभीर रूप से घायल बताए गए हैं।
बताया गया है कि 21 वर्षीय सद्दाम पनियाला गांव में दोस्तों के साथ एक खाली मैदान पर क्रिकेट खेलता था। करीब 10 दिन पहले खेलते समय बॉल किसान के खेत में जा गिरी। जब वह खेत में बॉल लेने गया, तो किसान द्वारा उसके साथ मारपीट कर दी गई, जिसके चलते सद्दाम के परिजनों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने किसान द्वारा की गई मारपीट का कड़ा विरोध किया। इसके बाद दोनों पक्षों का लोगों ने समझौता करा दिया, लेकिन रविवार रात फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर हमला बोल दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और वाद विवाद कर रहे लोगों को समझाया। साथ ही घायल लोगों को अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों द्वारा सद्दाम पुत्र नासिर को मृत घोषित कर दिया गया। घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।
एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर आई है, जिसमें 7 लोगों के खिलाफ धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके अलावा गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### गुरुकुल कांगड़ी विवि के पीयूष ने गेट परीक्षा में हासिल की फर्स्ट रैंक, दी बधाई

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसई) के अंतिम वर्ष के छात्र पीयूष कुमार को ग्रेजुएट एप्टीट्यूड में प्रतिष्ठित अखिल भारतीय रैंक-1 (एआईआर-1) हासिल करने पर विश्व विद्यालय परिवार ने बधाई दी है।
सीएसई विभाग के प्रमुख डॉ. मयंक अग्रवाल ने पीयूष की उत्कृष्ट उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। उन्होंने पीयूष की उपलब्धि को विभाग और पूरे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय बताया।
इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय (एफईटी) के डीन डॉ. विपुल शर्मा ने इंजीनियरिंग परीक्षाओं के प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में उपलब्धि के महत्व पर जोर देते हुए, पीयूष के असाधारण प्रदर्शन की सराहना की। डॉ. शर्मा ने कहा कि गेट 2024 में पीयूष का 1 रेंक हासिल करना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और उनकी अद्वितीय क्षमता का प्रतिबिंब है।

### दस लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
चुनाव के दौरान माहौल खराब ना हो इसके लिए पुलिस ने अभी से गुंडा तत्वों पर नकेल कसनी शुरू कर दी। ऐसे ही 10 लोगों के खिलाफ रानीपुर कोतवाली पुलिस ने गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है।
जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव को देखते हुए लगी आदर्श आचार संहिता के चलते एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोभाल के निर्देश पर कोतवाली रानीपुर पुलिस ने क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त गुंडा तत्वों पर नकेल कसनी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में सोमवार को पुलिस ने क्षेत्र के ऐसे ही 10 लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ गुंडा एक्ट में चालान कर उन्हें जिले की सीमा से बाहर करने की कार्रवाई शुरू की है। इन लोगों की एक लिस्ट बनाकर जिलाधिकारी को भी भेज दी गई है।

### मिलिए साहिरा नायर से: जो एमेजॉन प्राईम वीडियो पर स्टोरीटेलर के रूप में रचनात्मकता का नया दौर बना रही हैं

**देहरादून**
महिलाएं हमेशा से पत्नी, माँ, बेटी और प्रोफेशनल्स के रूप में बहुआयामी भूमिकाएं निभाते हुए अभूतपूर्व दृढ़ता और कौशल का परिचय देती आई हैं। उनकी प्रेरणाप्रद कहानियों से आधुनिक जीवन की चुनौतियों को संभालने और सफलता के अद्वितीय मार्ग का निर्माण करने की उनकी क्षमता प्रदर्शित होती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ह्यइंस्पायर इंक्लुजनह्ण की थीम के अंतर्गत एमेजॉन का ह्यशी इज एमेजॉनह्ण अभियान उन अद्भुत महिलाओं को सम्मानित कर रहा है, जो ज्यादा मित्रवत और समानतापूर्ण समाज के निर्माण में योगदान दे रही हैं, जिसमें हर व्यक्ति को अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करने का अवसर मिले।ऐसा ही एक उदाहरण प्रस्तुत किया है साहिरा नायर ने, जो एमेजॉन प्राईम वीडियो में ओरिजनल हिंदी कंटेंट के लिए क्रिएटिव डेवलपमेंट एग्जिक्यूटिव हैं। मनोरंजन उद्योग में साहिरा का सफर 8 वर्ष की उम्र में शुरू हुआ, जब उन्हें ह्यमिसिसिपी मसालाह्ण और ह्यद नेमसेकह्णह्ण में पहली बार काम करने का अवसर मिला। इसके बाद उन्होंने न्यूयार्क से ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद ह्यसोप्रैनोस (सीजन 6)ह्ण, ह्यरेस्क्यू मीह्ण, ह्यगॉसिप गर्लह्ण, ह्यसीएसआई एनवाईह्ण जैसी लोकप्रिय सीरीज और ह्यइंचौंटेडह्ण, ह्यदार्जिलिंग लिमिटेडह्ण, ह्यटेंडरनेसह्ण, और ह्यद गुड शेफर्डह्ण जैसी फिल्मों के लिए काम किया। इंडस्ट्री की बड़ी हस्तियों के साथ काम करने के इन शुरूआती अनुभवों ने उनके सफल करियर की नींव रखी।
2019 में एमेजॉन के लिए काम करने का निर्णय साहिरा के जीवन का एक बड़ा मोड़ था। अब वो एमेजॉन में ऑथेंटिक और हाई क्वालिटी की स्टोरीटैलिंग का निर्माण करने के लिए काम करती हैं। वो पूरे देश में क्रिएटर्स और टेलेंट के साथ बात करके गठबंधन करती हैं। कहानियों को आकार देने और स्टोरीटेलिंग की सीमाओं का विस्तार करने में उन्हें काफी आनंद मिलता है, और एमेजॉन प्राईम वीडियो पर ओरिजनल हिंदी कंटेंट के बहुआयामी परिदृश्य की ओर उनकी प्रतिबद्धता मजबूत होती है।

# गिनाई उपलब्धियां, विकास को वोट करने की अपील की



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनैतिक पार्टियां जोर-शोर से चुनाव प्रचार में जुटी हैं। उत्तराखंड में पांचों लोकसभा सीट पर कांग्रेस-भाजपा अपना-अपना दांव आजमा रही हैं। बूथ स्तर से लेकर शीर्ष स्तर के पदाधिकारी सार्वजनिक समर्थन मांग रहे हैं। साथ ही उपलब्धियां गिनाते हुए विकास को वोट करने की अपील कर रहे हैं।
टिहरी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह ने केंद्र और राज्य सरकार के कार्यों के आधार पर जनता से वोट की अपील की है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने जनहित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं और इन्हीं विकास कार्यों के आधार पर भाजपा जनता से मतदान की अपील कर रही है। जनसमर्थन से ही विकास का पहिया और रफ्तार भरेगा।

# कांग्रेस समेत अन्य दलों के नेता भाजपा में हो सकते हैं शामिल



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में कांग्रेस नेताओं का पार्टी छोड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा है कि अभी अन्य सिटिंग विधायक और कांग्रेस सहित अन्य दलों के बड़े नेता पार्टी में शामिल हो सकते हैं। भाजपा में शामिल होने वालों का आंकड़ा अब 12 हजार के पार पहुंच गया है। ऐसे में कांग्रेस को अपने नेताओं को रोकना बड़ी चुनौती बनी हुई है।
उत्तराखंड में इधर इस्तीफा और उधर शामिल होने का दौर जारी है। रविवार को ही कांग्रेस के बद्रीनाथ विधायक राजेंद्र भंडारी कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। गंगोत्री में कांग्रेस के पूर्व विधायक विजयपाल सिंह सजवाण व पुरोला के पूर्व विधायक मालचंद भाजपा की सदस्यता ले चुके हैं। टिहरी जिले के एक और कांग्रेस विधायक को पार्टी में शामिल कराने की चचाएं काफी समय से चल रही हैं। ऐसे में कांग्रेस को चुनावी टक्कर के साथ खुद को बचाए रखना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। पार्टी के नेता आपसी गुटबाजी में उलझे हैं। इस संकट के दौर में कांग्रेस को राज्य में बचाए रखना प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के लिए दोहरी चुनौती है।
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा है कि कांग्रेस सहित अन्य दलों के वर्तमान विधायक और बड़े नेता पार्टी में शामिल हो सकते हैं। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में बड़ी टूट हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों से आमजन बहुत प्रभावित है। पूरे देश में बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं।
महेंद्र भट्ट ने बताया कि भाजपा परिवार में शामिल होने वालों का आंकड़ा अब 12 हजार के पार पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित और समृद्ध भारत आंदोलन की सफलता का प्रमाण यह आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सभी सीटों पर पांच लाख से अधिक मतों से जीत का लक्ष्य रखा है।

# पुलिस ने एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**स्मैक बरामद**

**8 कलियर थाना पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 22 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।**




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कलियर थाना पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 22 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।
जानकारी के मुताबिक कलियर थाना पुलिस चेकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान किलकिले साहेब रोड कलियर के पास से पुलिस ने वसीम पुत्र सलीम निवासी कासमपुर थाना पथरी जनपद हरिद्वार को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से 22 ग्राम स्मैक बरामद हुई। स्मैक की कीमत दो लाख रुपये से अधिक बतायी गई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

### भाजपा पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक शाम को

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के पांचों उम्मीदवारों तथा पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित की गई है। प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने यह जानकारी दी है।
आदित्य कोठारी ने बताया कि इस बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 के लगभग एक महीने के कार्यक्रम का निर्धारण किया जाएगा। शाम छह बजे से आयोजित इस बैठक में चुनावी कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में इस बात पर चर्चा की जाएगी कि नामांकन किस तारीख को किया जाना है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने सोमवार को जिला सभागार में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी दलों से जनपद में सकुशल मतदान संपन्न कराने को लेकर अपील की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है, जिसके दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों की निर्वाचन व्यय की निगरानी भी शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार सभी दल चुनावी रैली और अन्य गतिविधियों को संचालित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग के निदेर्शानुसार राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों की ओर से सरकारी, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थानों पर बैनर पोस्टर नहीं लगाए जाएंगे। निजी भवनों के भवन स्वामियों से अनुमति लेना आवश्यक होगा। सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों एवं मतदान केन्द्र के दो सौ मीटर के दायरे में किसी प्रकार का कार्यालय नहीं खोला जाएगा। चुनाव प्रचार में नाबालिग बच्चों से किसी प्रकार का कार्य नहीं कराया जाएगा। रात के 10 बजे से सुबह छह बजे के बीच लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित है। चुनाव रैली, जुलूस, प्रदर्शन एवं जनसभाएं शांतिपूर्ण माहौल में कराई जाए। बैठक में अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी सती सहित अन्य उपस्थित थे।

# पर्यावरण संरक्षण पर अभ्यास वर्ग का आयोजन



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरिद्वार के पर्यावरण विभाग द्वारा ऋषिकेश स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण पर अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। अभ्यास वर्ग का शुभारंभ सरस्वती पूजन, पौधा पूजन एवं शांति पाठ के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण गतिविधि के हरिद्वार विभाग संयोजक दिनेश बिष्ट ने किया।
अभ्यास वर्ग के प्रथम सत्र में प्रांत सह संयोजक चंदन बिष्ट ने पर्यावरण गतिविधि के प्रारंभ से अब तक की सफल यात्रा के साथ "पर्यावरण संरक्षण क्यों और कैसे" पर विषय रखा। उन्होंने कंपोस्ट खाद, मिट्टी के संरक्षण आदि पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।
दूसरे सत्र में देहरादून महानगर (उत्तर) संयोजक एवं प्रांत टोली जल प्रमुख डॉ भवतोष शर्मा ने "जल संरक्षण, जैविक, अजैविक कचरा प्रबंधन, पेड़ उपक्रम, हरित घर, हरित मिलन, इको मित्रम मोबाइल ऐप्लिकेशन" आदि पर विस्तार से विचार व्यक्त किये।
तृतीय सत्र में "पर्यावरण संरक्षण में मातृ शक्ति की भूमिका" विषय पर चर्चा की गई।
कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ऋषिकेश के जिला संघचालक राजेन्द्र बडोनी ने वर्ग में बताए गये कार्यों को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की से 50 से अधिक पर्यावरण प्रहरी/प्रेमी उपस्थित रहे।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक

**बैठक**

**8 बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी गर्ब्याल ने कहा कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर धीराज सिंह गर्ब्याल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने सभी दलों से सकुशल मतदान संपन्न कराने को लेकर अपील की।
बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी गर्ब्याल ने कहा कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है, जिसके दृष्टिगत सभी राजनैतिक दलों की एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग भी शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार सभी दल अपने उम्मीदवारों के नामांकन सम्बन्धी प्रक्रिया, चुनावी रैली व अन्य गतिविधियों को संचालित करें। उन्होंने बताया कि नामांकन फार्म जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय, कलेक्ट्रेट कार्यालय में जमा किए जाएंगे।
उन्होंने कहा कि निर्वाचन से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत हो तो संबंधित ऑब्जर्वर से शिकायत की जा सकती है। उन्होंने कहा कि समय से अनुमति लें और पहले आओ, पहले पाओ के आधार जनसभा, रैली सहित विभिन्न प्रकार की अनुमतियां प्रदान की जाएंगी।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में निर्वाचन से जुड़े ऐसे कर्मचारी जिनका नाम लोकसभा क्षेत्र हरिद्वार की मतदाता सूची में दर्ज है, उनके द्वारा ईडीसी के माध्यम से मतदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी उम्मीदवार पर आपराधिक वाद है तो उसका तीन बार समाचार पत्रों में प्रकाशन किया जाएगा, जिसमें एक-एक राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र तथा एक क्षेत्रीय समाचार पत्र में प्रकाशन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि भू स्वामियों की अनुमति के बिना प्राचार-प्रसार सामग्री चस्पा न की जाए।जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या, ईडीसी, बैलेट पेपर, मतदान कार्मिक, बूथों की संख्या, 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता, दिव्यांग मतदाता जो बूथ तक आने में असमर्थ हैं उनके पोस्टल बैलेट पेपर्स के माध्यम से वोटिंग की प्रक्रिया, कर्मचारियों की तैनाती, खर्च की अधिकतम सीमा, सिक्योरिटी धनराशि, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# चरस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**सीज**

**8 ज्वालापुर पुलिस ने एक व्यक्ति को चरस के साथ गिरफ्तार कर उसकी बाइक को भी सीज कर दिया है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर पुलिस ने एक व्यक्ति को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी बाइक को भी सीज कर दिया है।
जानकारी के मुताबिक ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान नहर पटरी मार्ग निकट रेगुलर पुल से रिहान पुत्र मातिन निवासी मोहल्ला पावधोई कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार को रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से 116 ग्राम चरस व एक तराजू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपित की बाइक को सीज कर दिया है।

# चमोली में लोस चुनाव की तैयारियां जोरों पर, 19 जोनल एवं 125 सेक्टर अधिकारियों की तैनाती

**तैनाती**

8 10 वीडियो निगरानी , 20 उड़नदस्ता, 24 स्थैतिक निगरानी तथा तीन वीडियो अवलोकन टीमें बनाई गई है।




**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले में लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर है। जिला प्रशासन शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए दिन रात जुटा है। मतदान को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए 19 जोनल एवं 125 सेक्टर अधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त 10 वीडियो निगरानी टीम, 20 उड़नदस्ता, 24 स्थैतिक निगरानी तथा तीन वीडियो अवलोकन टीमें बनाई गई है।
जनपद चमोली में तीनों विधानसभा (बदरीनाथ, थराली तथा कर्णप्रयाग) में 299778 मतदाता पंजीकृत हैं, जिसमें पुरुष 152866, महिला 146910 तथा 02 थर्ड जेंडर हैं। इसके अतिरिक्त 10372 सर्विस मतदाता हैं। जनपद में 3167 दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 2282 मतदाता हैं। सबसे अधिक 1136 दिव्यांग मतदाता थराली विधानसभा में पंजीकृत हैं।
जिले में 592 मतदेय स्थल हैं, जिसमें बदरीनाथ में 210, थराली में 203 तथा कर्णप्रयाग में 179 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। जिला प्रशासन की ओर से इस बार 592 मतदेय स्थलों में से 304 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था भी की गई है। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में जनपद में 56.77 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि विधानसभा निर्वाचन 2022 में 61.33 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार लोकसभा चुनाव प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से स्वीप के तहत प्रत्येक मतदेय स्थलों, सार्वजनिक स्थानों और गांव स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को बूथ तक आने जाने के लिए वॉलियंटर की व्यवस्था की गई है। निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कार्मिकों को ईडीसी से वोटिंग की सुविधा बनाई गई है। जिला प्रशासन की ओर से हर व्यक्ति को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।
लोकसभा चुनाव के लिए सबसे अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलों में कृषि विज्ञान केन्द्र ग्वालदम है, जिसमें 614 महिला तथा 581 पुरुष मतदाता सहित कुल 1195 मतदाता पंजीकृत हैं। राजकीय प्राथमिक विद्यालय पपडियाणा में 640 महिला तथा 534 पुरुष मतदाता सहित कुल 1174 मतदाता पंजीकृत हैं। प्राथमिक विद्यालय पज्याणा में 550 महिला तथा 582 पुरुष सहित 1132 मतदाता पंजीकृत हैं। सबसे कम मतदाता वाला मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय सकण्ड है जिसमें 27 महिला, 31 पुरुष सहित 58 मतदाता पंजीकृत हैं। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय पैंका जिसमें 34 महिला तथा 31 पुरुष सहित कुल 65 मतदाता हैं।

# पार्टी कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखें : रमेश मैखुरी

**बैठक**

8 सोमवार को गोपेश्वर में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता विधानसभा संयोजक गजेंद्र रावत ने की।



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा के जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी कार्यक्रमों के माध्यम से हर एक बूथ तक जाए तथा लोगों को भाजपा की नीति के बारे में बताते हुए सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखें। उन्होंने यह बात भाजपा बदरीनाथ विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति और कोर कमेटी के तत्वाधान में आयोजित एक बैठक में कही।
सोमवार को गोपेश्वर में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता विधानसभा संयोजक गजेंद्र रावत ने की। इस बैठक में पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार को विजय दिलाने के लिए टिप्स दिए गये। बैठक में बदरीनाथ विधानसभा प्रभारी विनोद नेगी कहा कि सभी कार्यकर्ता पूर्ण जिम्मेदारी के साथ चुनाव में जुट जाएं। प्रत्येक कार्यकर्ता आज से ही बूथों पर जाकर मतदाताओं से मिलकर पार्टी के पक्ष में वोट देने की अपील करें। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह बिष्ट, धूम सिंह नेगी, भगवती प्रसाद नंबूरी, बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, रोहणी रावत, राज्य महिला आयोग की सदस्य वत्सला सती, महिला मोर्चा गढ़वाल संयोजक चंद्रकला तिवारी, तारेंद्र थपलियाल, पुष्पा पासवान, हर्ष वर्धन मैठाणी आदि मौजूद थे।

# चाकू के साथ घूम रहे दो युवक गिरफ्तार

**धर-पकड़**

8 कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए कई टीमें गठित की हैं।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रानीपुर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में गलत इरादों से घूम रहे दो युवकों को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से 2 चाकू बरामद किए गए।
आचार संहिता के चलते कोतवाली रानीपुर पुलिस की क्षेत्र में सक्रियता बढ़ गई है। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए कई टीमें गठित की हैं। इसी बीच गठित पुलिस टीम ने क्षेत्र में घूम रहे दो युवकों को 2 चाकुओं के साथ सेक्टर-3 सुभाष नगर जाने वाले रास्ते से धर दबोचा है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपित युवकों ने अपने नाम कृष्णा पुत्र नरसिंह व उमेश पुत्र नर सिंह गुप्ता निवासी विष्णुलोक कॉलोनी रानीपुर हरिद्वार बताए। दोनों आरोपितों का शस्त्र अधिनियम के तहत चालान कर दिया गया है।

# उत्तराखंड के मिलेट किसानों की आए 10 से 20 प्रतिशत बढ़ी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा कोदो कुटी (मिलेटस) की फसल पर जोर देने से उत्तराखंड में 75 प्रतिशत किसानों की वार्षिक आय 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के बीच बढ़ गई है, भारतीय प्रबंधन संस्थान, काशीपुर द्वारा 2,100 से अधिक किसानों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला। चार वरिष्ठ प्रोफेसरों और पांच डेटा संग्राहकों द्वारा किया गया छह महीने का अध्ययन, उत्तराखंड में बाजरा उत्पादनः इसके सामाजिक-आर्थिक प्रभाव और विपणन चुनौतियों का एक अनुभवजन्य विश्लेषण रविवार को आईआईएम काशीपुर में जारी किया गया।

# कुमाऊं विवि :नेशनल एडवाइजरी कमेटी की हुई बैठक



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं विश्वविद्यालय के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र की नेशनल एडवाइजरी कमेटी की सोमवार को एक बैठक हुई।
कुलपति प्रो. दीवान रावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्र की ओर से शुरू किए जाने वाले नए पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई।
बैठक में कुलपति प्रो. रावत ने यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने के लिए ढांचागत सुदृढ़ीकरण, प्रशिक्षण और शिक्षण प्रक्रिया के एकीकरण पर जोर दिया। उन्होंने नई शिक्षा नीति पर आयोजित किये जाने वाले पुनश्चर्या एवं संवेदीकरण के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने के लक्ष्य पर जोर दिया। साथ ही प्रशिक्षण केंद्र की निदेशक को केंद्र के कार्यक्रमों को प्रसारित करने के लिए सूचना-प्रौद्योगिकी के अधिक-से-अधिक प्रयोग पर जोर देने को कहा। केंद्र की निदेशक प्रो. दिव्या उपाध्याय जोशी ने प्रशिक्षण केन्द्र के कार्य और योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

## न्यूज फ्लैश

### दून ऑफिसर्स एकेडमी, नेहरू कॉलोनी के छात्रों की सेनिक स्कूल परीक्षा में सफलता

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
28 जनवरी 2024 को आयोजित हुई सेनिक स्कूल परीक्षा में, दून ऑफिसर्स एकेडमी के 18 छात्रों में से 13 छात्र पास हुए हैं। इस परीक्षा की तैयारी के लिए दून ऑफिसर्स एकेडमी, नेहरू कॉलोनी में स्थित, ने प्रशिक्षण प्रदान किया था। एकेडमी के प्रशिक्षकों और निदेशक श्री पंकज आर्या के प्रेरणादायक मार्गदर्शन के कारण, छात्रों ने उच्च प्रतिशत में सफलता प्राप्त की है। इस सफलता के साथ, दून ऑफिसर्स एकेडमी को गर्व है कि उनके छात्रों ने सेनिक स्कूल की परीक्षा में अपना परफेक्ट प्रदर्शन किया है। इस परीक्षा में सफल हुए छात्रों के नाम हैंः रक्षित रावत, मन्नान सेमवाल, अक्षोभ्य चंडोला, देविशी, शिवम सिंह, अभिमन्यु नेगी, लक्ष्य राउथान, दिव्यांश, निर्मल के सैनी, अथर्व जैसवाल, अंशुमान चौहान, विहान सिंह भंडारी, और देवांश चन्याल। सेनिक स्कूल परीक्षा देश भर के युवाओं के लिए एक मान्यता भरी परीक्षा है, जिसमें उत्तीर्ण होना बहुत ही कठिन होता है। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना के लिए योग्य और प्रेरित युवा प्रदान करना है। यह परीक्षा छात्रों की सामान्य ज्ञान, गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, अंग्रेजी और सामान्य विज्ञान में उत्तीर्णता की जाँच करती है।इस प्रकार की गंभीर परीक्षा में सफलता प्राप्त करना वास्तव में बहुत ही मुश्किल है, लेकिन दून ऑफिसर्स एकेडमी ने इस मुश्किलाई को सरल बना दिया है। यह परिणाम कल - 14 मार्च को देर से घोषित किया गया था। दून ऑफिसर्स एकेडमी, नेहरू कॉलोनी, उन सभी छात्रों के प्रति गर्वित है और इस हिंदी उपलब्धि को उत्साही देख रही है। यह सफलता उनके निरंतर प्रयासों का परिणाम है जो उन्होंने छात्रों की तैयारी में किया। डून ऑफिसर्स एकेडमी की टीम छात्रों के सफलता में हमेशा योगदान देती रहेगी, और निदेशक श्री पंकज आर्या के प्रेरणादायक संचालन को भी सराहा जाता है।

### अपनाक्लब से किराना सामान खरीदने पर रिटेलर ने बड़ा एम्बिशन महोत्सव में जीता टाटा टियागो कार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अपनाक्लब टेक्नोलॉजी-ड्रावेन एफएमसीजी बी2बी डिस्ट्रिब्यूशन बिजनेस है, जिसका उद्देश्य टियर 2/3 शहरों में स्वतंत्र, एम्बिशस रिटेलर्स के लिए एक मंच प्रदान करता है, जहां वे अपने व्यापारिक सामानों को बेस्ट डिस्काउंट एंड ऑफर्स और 48 घंटे में डिलीवरी से प्राप्त कर सकते हैं। अपनाक्लब की शुरूआत 2020 में श्रुति और मनीष द्वारा इस विश्वास के साथ की गई थी कि भारत छोटे व्यापारियों और दुकानदारों का देश है, उनके बिजनेस ग्रोथ से भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास को भी गति मिलने में मदद मिलेगी।

# नौकुचियाताल में 14 अप्रैल को आयोजित होगी ट्रायथलॉन प्रतियोगिता

**प्रतियोगिता**

8 इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय स्तर के एवं सेना के कई खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नगर की दौड़ एवं संबंधित खेलों को समर्पित संस्था ह्यरन टु लिवह्ल के तत्वावधान में आगामी 14 अप्रैल को नैनीताल जनपद के नौकुचियाताल में ट्रायथलॉन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय स्तर के एवं सेना के कई खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। 31 मार्च तक प्रतिभागी पंजीकरण करा सकते हैं। देश की राष्ट्रीय ट्रायथलॉन टीम के खिलाड़ियों के भी प्रतियोगिता में भाग लेने की संभावना है।
प्रतियोगिता के आयोजक रन टु लिव संस्था के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय धावक हरीश तिवारी ने बताया कि नैनी झील में तैराकी प्रतिबंधित होने के कारण दूसरी ट्रायथलॉन प्रतियोगिता का आयोजन नौकुचियाताल में किया जाएगा। ट्रायथलॉन के लिए आयोजक संस्था ने पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। 31 मार्च तक प्रतिभागी पंजीकरण करा सकेंगे। एकल वर्ग में एक हजार व टीम वर्ग में 1500 रुपये शुल्क रखा गया है। प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में पहला स्थान पाने वाले प्रतिभागी को 10 हजार, दूसरे को 7 हजार व तीसरा स्थान पाने वाले प्रतिभागी को 5 हजार का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। अब तक 8 प्रतिभागी व्यक्तिगत एवं 4 टीमों ने पंजीकरण करा लिया है।
संस्था के युवा संयोजक सागर देवराड़ी ने बताया कि कुमाऊं मंडल विकास निगम, जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल एवं बाइक स्टेशन हल्द्वानी के सहयोग से आयोजित होने वाली ट्रायथलॉन में एकल व टीम स्पर्धा के दो वर्गों में प्रतिभाग किया जा सकता है। एकल वर्ग में प्रतिभागी को 500 मीटर तैराकी, 20 किमी साइकिल दौड़ व 10 किमी दौड़ पूरी करनी होगी। टीम वर्ग में अलग-अलग गतिविधियों को तीन प्रतिभागी दौड़, साइकिल दौड़ व तैराकी की तीनों गतिविधियों को अलग-अलग पूरा करेंगे। यानी एक प्रतिभागी दौड़ेगा, दूसरा साइकिल दौड़ाएगा व तीसरा तैराकी करेगा।

# बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पथरी थाना पुलिस ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की चार बाइकें बरामद की हैं।
जानकारी के मुताबिक 17 मार्च को सचिन कुमार पुत्र समय सिंह निवासी ग्राम धनपुरा थाना पथरी, हरिद्वार ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी बाइक चोरी हो जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने चोरी की घटना के खुलासे के लिए कई टीमें गठित कीं, जिसके चलते पुलिस ने सोमवार को आरोपित मुराद पुत्र मुरसलीन निवासी गाडोवाली थाना पथरी, हरिद्वार को गिरफ्तार किया।

# लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है भाजपाः गोदियाल



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में पौढ़ी गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार गणेश गोदियाल सोमवार को थराली पहुंचे। यहां कांग्रेस कार्यकताओं ने उनका ढोल नगाड़ों तथा फूल मालाओं से स्वागत किया।
इस दौरान उन्होंने थराली तिराहे से लेकर स्टेट बैंक मुख्य बाजार तक रोड शो किया और लोगों से वोट मांगे और जीत का आशीर्वाद लिया।
गणेश गोदियाल ने थराली में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। गोदियाल ने कहा कि भाजपा की करनी और कथनी में बड़ा अंतर है। भाजपा लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है। जनता बेरोजगारी, महंगाई से परेशान हो चुकी है। भाजपा को इसका जवाब लोकसभा के चुनाव में जनता देगी।
गोदियाल ने भाजपा पर कांग्रेस के नेताओं को डराने, धमकाने और धन-बल से खरीद कर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा भाजपा अपने एक मंत्री को बचाने के लिए अंकिता भंडारी हत्याकांड का खुलासा नहीं कर रही है। जहां भाजपा महिला सम्मान की बड़ी-बड़ी बातें करती है, वहीं आज देवभूमि में महिलाएं सुरक्षित नहीं है।

# विधानसभा से बर्खास्त कर्मचारियों के मामले में सुनवाई अब 10 अप्रैल को



**सुनवाई**

8 विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा उनकी सेवाएं 27, 28 ,व 29 सितम्बर 2022 को समाप्त कर दी गई।

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
हाई कोर्ट ने विधानसभा सचिवालय से बर्खास्त कर्मचारियों के मामले पर सुनवाई की। मामले को सुनने के पश्चात न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने अगली सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तिथि नियत की है।
मामले के अनुसार बर्खास्तगी के आदेश को बबिता भंडारी, भूपेंद्र सिंह बिष्ठ, कुलदीप सिंह एवं 102 अन्य लोगों ने एकलपीठ में चुनौती दी है। याचिकाओं में कहा गया है कि विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा उनकी सेवाएं 27, 28 ,व 29 सितम्बर 2022 को समाप्त कर दी गई। बर्खास्तगी आदेश में उन्हें किस आधार पर किस कारण की वजह से हटाया गया कहीं इसका उल्लेख नहीं किया गया, न ही उन्हें सुना गया, जबकि उनके द्वारा सचिवालय में नियमित कर्मचारियों की भांति कार्य किया गया है। एक साथ इतने कर्मचारियों को बर्खास्त करना लोकहित नहीं है। यह आदेश विधि विरुद्ध है। विधानसभा सचिवालय में 396 पदों पर बैक डोर नियुक्तियां 2001 से 2015 के बीच में भी हुई हैं जिनको नियमित किया जा चुका है।
याचिकाओं में कहा गया है कि 2014 तक हुए तदर्थ नियुक्त कर्मचारियों को चार वर्ष से कम की सेवा में नियमित नियुक्ति दे दी गई। लेकिन उन्हें 6 वर्ष के बाद भी नियमित नहीं किया। अब उन्हें हटा दिया गया। पूर्व में उनकी नियुक्ति को लेकर 2018 में जनहित याचिका दायर कर चुनौती दी गयी थी, जिसमें कोर्ट ने उनके हित में आदेश देकर माना था कि उनकी नियुक्ति वैध है जबकि नियमानुसार छह माह की नियमित सेवा करने के बाद उन्हें नियमित किया जाना था।

# ऋषिकेश एम्स में 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला के ब्रेन ट्यूमर की सफल सर्जरी



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश एम्स के चिकित्सा विशेषज्ञों ने ब्रेन ट्यूमर से ग्रसित एक 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला की जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा की है। इस सफलता के लिए संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने चिकित्सकीय टीम को बधाई दी है।
विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार बीते माह की गई यह सर्जरी महिला के मस्तिष्क में एक बड़े ट्यूमर से राहत दिलाने के कारण आवश्यक हो गई थी। इस बीमारी से रोगी को गंभीर सिरदर्द, चलने-फिरने में कठिनाई, दुर्बलता व लकवा जैसे लक्षणों का सामना करना पड़ रहा था। महिला अपने दैनिक कार्य करने में असमर्थ थी। ऐसी स्थितियों वाले बुजुर्ग मरीजों के ऑपरेशन से अत्यधिक जोखिम व चुनौती के बावजूद, एम्स की मेडिकल टीम ने दृढ़ संकल्प और विशेषज्ञता के साथ इस कार्य को बखूबी अंजाम दिया। एम्स के तंत्रिका शल्य चिकित्सा विभाग के चिकित्सकों ने उम्र के लिहाज से अत्यधिक बुजुर्ग मरीज से जुड़ी इस चुनौती को न सिर्फ स्वीकार किया बल्कि इस अत्यधिक जटिल कार्य को सफलता के साथ अंजाम तक पहुंचाया।
इस उपलब्धि पर संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह ने कहा कि ऋषिकेश एम्स में हम अपने सभी रोगियों को उच्चतम गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सफल सर्जरी उस प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। उन्होंने बताया कि ब्रेन ट्यूमर से ग्रसित व्यक्ति की बीमारी की वजह से उनके परिवार जनों के लिए यह समय बेहद परेशानी वाला और चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे में इस जटिल केस को सफलतापूर्वक अंजाम देने में हमारे चिकित्सकों ने जो कामयाबी हासिल की, यह हमारे लिए भी गर्व की बात है।
प्रो. मीनू सिंह के अनुसार एम्स न्यूरो सर्जिकल रोगियों को दुनिया के किसी भी बड़े शहर के बराबर बेहतर उपचार व देखभाल प्रदान करने के लिए नवीनतम सर्जिकल तकनीकों और गैजेट्स से लैस है। एम्स में न्यूरो सर्जरी विभाग पूरी तरह से इंट्रा-ऑपरेटिव सीटी स्कैन, न्यूरो-एंडोस्कोपी और नेविगेशन सिस्टम से सुसज्जित है, जो देश में किसी भी न्यूरो सर्जिकल सुविधा के बराबर होने के लिए इस प्रकार की सर्जरी के लिए आवश्यक है। संस्थान की डीन एकेडमिक प्रोफेसर जया चतुर्वेदी ने वृद्ध रोगी के लिए सफल परिणाम हासिल करने के लिए न्यूरो-सर्जिकल और न्यूरो-एनेस्थीसिया टीम को बधाई दी।
ऐसे पाई सफलता
डॉ. जितेन्द्र चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में न्यूरो-सर्जिकल टीम ने आसपास के स्वस्थ ऊतकों को नुकसान के जोखिम को कम करते हुए ट्यूमर को हटाने के लिए रोगी के मस्तिष्क के ग्रसित भाग को सावधानीपूर्वक नेविगेट किया। उन्होंने बताया कि 5 घंटे तक चली इस जटिल तंत्रिका शल्य चिकित्सा प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अपने अंजाम तक पहुंचाने के लिए सटिकता, कौशल और न्यूरो सर्जिकल सिद्धांतों की गहरी समझ की नितांत आवश्यकता थी, जो कि इस जटिल सर्जरी को सफलता से अंजाम देकर व बुजुर्ग महिला को जीवनदान देकर एम्स के विशेषज्ञों ने साबित कर दिया है।
सर्जरी के सफल परिणाम के बाबत जानकारी देते हुए न्यूरो सर्जरी विभाग के वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. जितेंद्र चतुर्वेदी और न्यूरोएनेस्थीसिया विभाग के प्रमुख प्रोफेसर (डॉ.) संजय अग्रवाल ने मरीज के प्रभावशाली इच्छा शक्ति और मेडिकल टीम के सहयोगात्मक प्रयासों की प्रशंसा की। न्यूरो सर्जन डॉ. जितेंद्र चतुर्वेदी का कहना

